M-63

# Ph.D. (Hindi) Entrance Examination 2016

Time : 2 Hours Max. Marks : 75

प्रवेश-पत्र संख्या / Hall Ticket No. ____________________

**अनुदेश/Instructions :**

कृपया इस पृष्ठ पर तथा ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका पर अपनी प्रवेश-पत्र संख्या **अवश्य लिखें ।**

Please enter your Hall Ticket Number on this page and also on the OMR answer sheet **without fail.**

ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका पर दिये गये निर्देशों के अनुसार प्रश्नों के उत्तर ओ.एम.आर. शीट पर ही लिखे जाने चाहिए ।

Answers are to be marked on the OMR answer sheet only following the instruction provided there upon.

प्रश्न-पत्र में कुल 75 वैकल्पिक प्रश्न दिये गये हैं । विश्वविद्यालय की नियमावली के अनुसार **कुल प्राप्त अंकों में से हर एक ग़लत उत्तर के लिए 0.33 अंक काट दिये जाएंगे ।**

The question paper consists of 75 objective type questions and there will be **negative marking of 0.33 marks for every wrong answer** as per the University rules.

Entrance Examination 2016 – Ph.D. (Hindi)

सूचना : **निम्नलिखित प्रश्नों के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं जिनमें केवल एक उत्तर सही है। सही उत्तर चुनकर** OMR Sheet **पर यथास्थान चिह्नित कीजिए ।**

| | |
|---|---|
| 1. | 'आनन्द कादम्बिनी' पत्रिका के संपादक कौन थे ?<br>A. बद्री नारायण चौधरी 'प्रेमघन' B. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र<br>C. शिवप्रसाद सितारे हिन्द D. महावीर प्रसाद द्विवेदी |
| 2. | 'द मॉडर्न वर्नाकुलर लिटरेचर ऑफ़ हिन्दुस्तान' के लेखक कौन हैं ?<br>A. ग्रियर्सन B. शिवसिंह सेंगर<br>C. गार्सा द तासी D. रामचन्द्र शुक्ल |
| 3. | कौन अष्टछाप का कवि है –<br>A. मीराबाई B. रसखान<br>C. सूरदास D. विद्यापति |
| 4. | दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?<br>A. हैदराबाद B. बैंगलोर<br>C. चेन्नई D. वर्धा |
| 5. | "धन्यालोक" किसकी कृति है ?<br>A. भामह B. भरतमुनि<br>C. आनंद वर्धन D. मम्मट |
| 6. | 'अरे यायावर रहेगा याद' रचना की विधा है -<br>A. यात्रा साहित्य B. जीवनी<br>C. संस्मरण D. कविता |
| 7. | 'सुदामाचरित' के रचयिता हैं --<br>A. रसखान B. नरोत्तम दास<br>C. नन्ददास D. सूरदास |
| 8. | प्रेमचन्द के उपन्यास लेखन का कालक्रम निश्चित करें – 1. गोदान, 2. निर्मला, 3. गबन, 4. मंगलसूत्र<br>A. 1,2,3,4 B. 2,3,1,4<br>C. 1,2,4,3 D. 4,3,1,2 |
| 9. | 'कृष्णगीतावली' किसकी रचना है ?<br>A. नन्ददास B. तुलसीदास<br>C. परमानंद दास D. सूरदास |
| 10. | संविधान के किस अनुच्छेद में हिन्दी को संघ की राजभाषा घोषित किया गया है -<br>A. 343 B. 345<br>C. 348 D. 351 |
| 11. | अपभ्रंश के भेदों पर प्रकाश डालने वाले आधुनिक विद्वानों में सर्व प्रथम हैं --<br>A. याकोबी B. हजारीप्रसाद द्विवेदी<br>C. नामवर सिंह D. ग्रियर्सन |

| | |
|---|---|
| 12. | सिद्धों में प्रथम कवि हैं –<br>A. गुंडरीपा B. कण्हपा<br>C. नागार्जुन D. सरहपा |
| 13. | असमी, बंगला और बिहारी बोलियों का विकास अपभ्रंश के किस रूप से हुआ ?<br>A. शौरसेनी B. मागधी<br>C. अर्धमागधी D. पैशाची |
| 14. | निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रंथ अवधी भाषा में नहीं हैं ?<br>A. मृगावती B. रामचरित मानस<br>C. पद्मावत D. विनयपत्रिका |
| 15. | इनमें से कौन-सा व्यंजन स्पर्श व्यंजन है -<br>A. र B. ल<br>C. प D. ड़ |
| 16. | " इस समग्र देश की एकता के लिए हिन्दी अनिवार्य है ।" यह किसका कथन है -<br>A. केशवचन्द्र सेन B. श्रीमती एनीबेसेण्ट<br>C. दयानन्द सरस्वती D. राजा राममोहन राय |
| 17. | इनमें से कौन-सी भाषा अष्टम अनुसूची में सम्मिलित नहीं है –<br>A. लँहदा B. संस्कृत<br>C. नेपाली D. कोंकणी |
| 18. | जगनिक रचित 'आल्हखण्ड' की भाषा है -<br>A. ब्रज B. भोजपुरी<br>C. अवधी D. खड़ीबोली |
| 19. | हीगल के मतानुसार विश्व साहित्य की प्रक्रिया का मूल लक्ष्य है -<br>A. मानव चेतना का विकास B. अन्वेषण एवं संकलन<br>C. आध्यात्मिक एवं नैतिक विकास D. प्रकृति के आंतरिक विकास को प्रस्तुत करना |
| 20. | 'हिन्दी के विधेयवादी साहित्येतिहास के प्रथम प्रवर्तक शुक्ल जी नहीं प्रत्युत ग्रियर्सन हैं।'- यह कथन किसका है?<br>A. हजारीप्रसाद द्विवेदी B. राहुल सांकृत्यायन<br>C. डॉ. रामकुमार वर्मा D. नलिन विलोचन शर्मा |
| 21 | आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने हिन्दी साहित्य के इतिहास को कितने कालों में विभाजित किया है ?<br>A. तीन B. पाँच<br>C. चार D. छह |
| 22. | रीतिकाल के लिए 'कला काल' नाम किसने उपयुक्त माना है ?<br>A. हजारी प्रसाद द्विवेदी B. डॉ. रामकुमार वर्मा<br>C. रामचन्द्र शुक्ल D. नन्ददुलारे वाजपेयी |
| 23. | आचार्य शुक्ल ने हिन्दी का प्रथम महाकवि किसे माना है ?<br>A. चंदबरदाई B. सरहपाद<br>C. खुसरो D. विद्यापति |
| 24. | किसने मध्यकालीन भक्ति आंदोलन को ईसाई धर्म की देन कहा -<br>A. मिश्रबन्धु B. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल<br>C. जॉर्ज ग्रियर्सन D. शिवसिंह सेंगर |

| | |
|---|---|
| 25. | राधावल्लभ संप्रदाय के प्रवर्तक हैं -<br>A. रामानंद B. निम्बार्क<br>C. नामदेव D. हितहरिवंश |
| 26. | कबीर की भाषा को पंचमेल खिचड़ी किसने कहा है --<br>A. हजारीप्रसाद द्विवेदी B. पीतांबर दत्त बडथ्वाल<br>C. श्यामसुंदर दास D. रामकुमार वर्मा |
| 27. | 'मधुमालती' के रचयिता हैं -<br>A. मंझन B. मुल्ला दाऊद<br>C. कुतुबन D. मुल्ला वजही |
| 28. | कौन 'भ्रमरगीत कार कवि' नहीं हैं<br>A. परमानंद दास B. अयोध्या सिंह उपाध्याय<br>C. तुलसीदास D. मीराबांई |
| 29. | 'भूषन बिनु न विराजई, कविता वनिता मित्त' – किसने कहा है ?<br>A. केशव B. घनानन्द<br>C. भूषण D. मतिराम |
| 30. | 'केशव को कवि हृदय नहीं मिला था, उनमें वह सहृदयता एवं भावुकता नहीं थी जो एक कवि में होनी चाहिए' – किस आलोचक का कथन है ?<br>A. नामवर सिंह B. शिवदान सिंह चौहान<br>C. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल D. मौनेजर पाण्डेय |
| 31. | "चंद छंद बरनन की महिमा" के लेखक हैं --<br>A. दौलत राम B. गंग कवि<br>C. नंददास D. परमानन्द दास |
| 32. | इनमें से रीति सिद्ध कवि कौन हैं ?<br>A. बिहारी B. मतिराम<br>C. घनानन्द D.देव |
| 33. | 'शिवशम्भु के चिट्ठे' के लेखक हैं -<br>A. भारतेन्दु B. बालमुकुंद गुप्त<br>C. बालकृष्ण भट्ट D. लाला श्रीनिवासदास |
| 34. | "दिवस का अवसान समीप था । गगन था कुछ लोहित हो चला" – किस कृति की आरंभिक पंक्तियाँ हैं ?<br>A. कुरुक्षेत्र B. यशोधरा<br>C. प्रिय-प्रवास D. जयद्रध वध |
| 35. | 'छायावाद को चित्रभाषा शैली' किसने कहा है ?<br>A. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल B. नामवर सिंह<br>C. नन्ददुलारे वाजपेयी D. शिवदानसिंह चौहान |
| 36. | 'कामायनी' का प्रकाशन वर्ष है -<br>A. 1934 B. 1937<br>C. 1936 D. 1935 |

| | |
|---|---|
| 37. | किस भारतीय भाषा में 'उपन्यास' को 'कादम्बरी' कहते हैं ?<br>A. गुजराती B. मराठी<br>C. संस्कृत D. तमिल |
| 38. | प्रेमचन्द किस प्रकार के उपन्यासकार माने जाते हैं -<br>A. यथार्थवादी B. अति यथार्थवादी<br>C. आदर्शोन्मुख यथार्थवादी D. आदर्शवादी |
| 39. | 'चंद हसीनों के खतूत' के लेखक हैं -<br>A. पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' B. भगवान दास<br>C. मुंशी अजमेरी D. सदासुख लाल |
| 40. | इनमें से कौन-सा उपन्यास ऐतिहासिक नहीं है -<br>A. मृगनयनी B. पुनर्नवा<br>C. सुनीता D. सिंह सेनापति |
| 41. | 'एकदा नैमिशारण्ये' के लेखक हैं -<br>A. अमृतलाल नागर B. निराला<br>C. यशपाल D. जयशंकर प्रसाद |
| 42. | 'विश्रामपुर का संत' के लेखक हैं -<br>A. आशापूर्ण देवी B. फणीश्वरनाथ रेणु<br>C. गोविंद मिश्र D. श्रीलाल शुक्ल |
| 43. | 'उत्तराधिकारिणी' उपन्यास के लेखक हैं –<br>A. निर्मल वर्मा B.राजकमल चौधरी<br>C. मनोहर श्याम जोशी D. कमलेश्वर |
| 44. | 'मित्रो मरजानी' की लेखिका हैं -<br>A. अमृता प्रीतम B. कृष्णा सोबती<br>C. चित्रा मृदगल D. मृदुला गर्ग |
| 45. | प्रेमचन्द की पहली कहानी किस पत्रिका में प्रकाशित हुई थी -<br>A.सरस्वती B. इन्दु<br>C. हंस D. सुदर्शन |
| 46. | शिकारी जीवन का आधर लेकर किसने कहानियाँ लिखीं ?<br>A. राजेन्द्र यादव B. मोहन राकेश<br>C. जगदीश चन्द्र D. श्रीराम शर्मा |
| 47. | 'कसी का घटवार' कहानी के लेखक हैं -<br>A. दूधनाथ सिंह B. शेखर जोशी<br>C. अमरकांत D. मनोहर श्याम जोशी |
| 48. | नई कहानी का आरंभ किस लेखक के कहानी से होता है ?<br>A. यशपाल B. निर्मल वर्मा<br>C. महीप सिंह D. शिवप्रसाद सिंह |
| 49 | 'हंसा जाई अकेला' कहानी के लेखक हैं -<br>A. मार्कण्डेय B.मोहन राकेश<br>C. विष्णु प्रभाकर D. रांगेय राघव |

| | |
|---|---|
| 50. | कौन-सी कहानी विभाजन पर आधारित नहीं है ?<br>A. सिक्का बदल गया B. मलबे का मालिक<br>C. टोबा टेक सिंह D. वापसी |
| 51 | 'चन्द्रगुप्त' नाटक की नायिका है –<br>A. कल्याणी B. अलका<br>C. कार्नेलिया D. मालविका |
| 52 | 'पांचवें पैगम्बर' नाटक के लेखक हैं –<br>A. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र B. किशोरीलाल गोस्वामी<br>C. राधाकृष्ण दास D. जयशंकर प्रसाद |
| 53 | 'वितस्ता की लहरें' किसका नाटक है --<br>A. जयशंकर प्रसाद B. विष्णु प्रभाकर<br>C. लक्ष्मीनारायण मिश्र D. भगवती चरण वर्मा |
| 54 | महाकवि कालिदास के माध्यम से कवि के अंतःसंघर्ष को चित्रित करनेवाला नाटक है --<br>A. आषाढ़ का एक दिन B. स्वर्ग की झलक<br>C. मत्स्यगंधा D. गरुड़ध्वज |
| 55 | किस वर्ष में प्रतिलिप्यधिकार (संशोधन) अधिनियम द्वारा साहित्यिक कृति की परिभाषा में संशोधन किया गया और कंप्यूटर के आंकड़े संचय को भी इसमें शामिल किया गया ?<br>A. सन् 1957 B. सन् 1994<br>C. सन् 1984 D. सन् 1992 |
| 56 | 'पर्दे के पीछे' के रचनाकार हैं -<br>A. उदयशंकर भट्ट B. सेठ गोविंद दास<br>C. विनोद रस्तोगी D. धर्मवीर भारती |
| 57. | अनुसंधान की प्रक्रिया के दो भाग हैं -<br>A. तथ्य संग्रह और विश्लेषण<br>B. विश्लेषण और उपसंहार प्रस्तुत करना<br>C. व्यवस्थित अन्वेषण और शोध प्रबंध के रूप में उपस्थान<br>D. तथ्य संग्रह और अध्यायों में विभाजन |
| 58. | शोध-प्रबंध के प्रसंग में उद्धरण का अर्थ है –<br>A. लिखित उक्ति का मौखिक ग्रहण B. अलिखत उक्ति का मौखिक ग्रहण<br>C. लिखित उक्ति का लिखित रूप में ग्रहण D. लिखित उक्ति का सार ग्रहण |
| 59. | हिन्दी अनुसंधान के आरंभ काल में (1911-1935) हिन्दी विषयक शोध कार्य केवल इस क्षेत्र की परिधि में ही सीमित रहा --<br>A. काव्य-समीक्षा और इतिहास लेखन B. पाठानुसंधान और पाठ निर्धारण<br>C. काव्यशास्त्र और आलोचना D. भाषाविज्ञान और भक्ति काव्य |
| 60. | " प्रभाव सीधे नहीं होते, न सीधे समीकरणों द्वारा निरूपित किए जा सकते हैं, वे अकल्पनीय और आश्चर्यजनक भी हो सकते हैं । ... रचनात्मक प्रभाव की अपनी प्रक्रिया होती है, वह नकल या अनुवाद नहीं होता ।"– यह किसका कथन है ?<br>A. निर्मल वर्मा B. अज्ञेय<br>C. रामस्वरूप चतुर्वेदी D. डॉ. नगेन्द्र |

| | |
|---|---|
| 61. | सिद्धांतों के आधार पर नई वस्तुओं अथवा निर्माण रीतियों का आविष्कार इस प्रकार के शोधकार्य के बल पर होता है –<br>A. सर्वेक्षणात्मक शोध B. दस्तावेजी शोध<br>C. सैद्धांतिक शोध D. प्रायोगिक शोध |
| 62 | 'इतिहास का अंत' किसकी अवधारणात्मक संज्ञा का नाम है –<br>A. फ़ुकुयामा B. ऑग्युस्त काम्त<br>C. एंतोनियो ग्राम्शी D. एरिक फ्रॉम |
| 63 | 'ऐतिहासिक भौतिकवाद' के प्रस्तोता का नाम है –<br>A. कार्ल गुस्ताव युंग B. कार्ल हाइनरिख़ मार्क्स<br>C. एडमण्ड हसर D. गुन्नार मिर्डाल |
| 64. | कंप्यूटर और इंटरनेट इस्तेमाल करने और संसाधनों की कमी के कारण न कर सकने वालों के बीच का अंतर यह कहा जाता है –<br>A. डिजटलीकरण B. कंप्यूटरीकरण<br>C. डिजिटल डिवाइड D. नेटवर्क डिवाइड |
| 65 | फ्रांसिसी शब्द " फ़ेमिनिज़मे " का प्रयोग पहली बार किसने किया था -<br>A. मैरी वोल्सनक्रॉफ्ट B. सिमोन द बोउवार<br>C. जूडिथ ग्रांट D. चार्ल्स फ़ूरिए |
| 66 | पाणिनि के व्याकरण-सिद्धांतों के 19वीं सदी के यूरोप में पहले अध्येता थे -<br>A. फ़र्दिनैंद द सॅस्यूर B. लियोनार्ड ब्लूमफील्ड<br>C. रोमन जैकबसन D. फ्रेंज बॉप |
| 67 | इनको ओडीशा के सांस्कृतिक अग्रदूत और आधुनिक ओडिया अस्मिता के निर्माता मानते हैं –<br>A. राधानाथ B. फ़कीर मोहन सेनापति<br>C. गोपीनाथ महंती D. सीताकांत महापात्र |
| 68 | हिन्दी में नई कविता आंदोलन के प्रमुख सिद्धान्तकार के रूप में इनको स्वीकार किया जाता है -<br>A. नामवर सिंह B. जगदीश गुप्त<br>C. विजयदेव नारायण साही D. रामस्वरूप चतुर्वेदी |
| 69 | " औचित्यस्य चमत्कारकारिणश्चारु चर्वणे ।<br>रसजीवितभूतस्य विचारं कुरुतेऽधुना ।। " – यह किसका कथन है -<br>A. पंडितराज जगन्नाथ B. भरतमुनि<br>C. विश्वनाथ D. क्षेमेन्द्र |
| 70 | अनुनासिकता इनका गुण है -<br>A. शब्दों का B. स्वरों का<br>C. समासों का D. संधि का |
| 71 | जिस पद से क्रिया व्यापार के करने वाले का बोध होता है, उसे कहते हैं -<br>A. कर्म B. करण<br>C. कर्ता D. अधिकरण |

| | |
|---|---|
| 72 | "When I reached the station the train had already left." – का सही हिन्दी अनुवाद है -<br>A. जब मैं स्टेशन पहुँचा तो गाड़ी चली गयी ।<br>B. जब मैं स्टेशन गया तो गाड़ी जा चुकी ।<br>C. जब मैं स्टेशन पहुँचा तो गाड़ी जा चुकी थी ।<br>D. जब मैं स्टेशन गया तो गाड़ी चली गयी थी । |
| 73 | "Your handwriting is illegible but your sister writes a good hand" – का सही हिन्दी अनुवाद है<br>A. तुम्हारा लिखावट पढ़ा नहीं जा सकता लेकिन तुम्हारी बहन का लिखावट अच्छा है ।<br>B. तुम्हारे लिखावट नहीं पढ़ सकते, तुम्हारी बहन अच्छा लिखती है ।<br>C. तुम्हारी लिखावट तो नहीं पढ़ सकते लेकिन तुमारी बहन अच्छे हाथ से लिखती है ।<br>D. तुम्हारी लिखावट तो पढ़ी ही नहीं जा सकती लेकिन तुम्हारी बहन की लिखावट तो अच्छी है । |
| 74 | "सूरज निकलने के पहले हमें बिछावन से उठना चाहिए । " – का सही अंग्रेजी अनुवाद है -<br>A. We have to get up from the bed before sunrise.<br>B. We will get up from the bed before sunrise.<br>C. We ought to get up from the bed before sunrise.<br>D. We should get up from bed before sunrise. |
| 75 | "मुझे खबर नहीं दी गयी । " – का सही अंग्रेजी अनुवाद है -<br>A. I was not informed.<br>B. I have not been informed.<br>C. I am not informed.<br>D. I was not been informed. |